भारत सरकार
Government of India
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
Ministry of Environment, Forest & Climate Change
क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ
Regional Office, Lucknow
केन्द्रीय भवन, ग्यारवां तल, सेक्टर एच, अलीगंज, लखनऊ–226024
Kendriya Bhawan, 11th Floor, Sector H, Aliganj, Lucknow-226024, Phone No : 0522-2326696
Email : rocz.lko-mef@nic.in, goimoefrolko@gmail.com

दिनांक : 17.09.2024

पत्र सं0 : 8बी / यू0पी0 / 08 / 38 / 2016 / एफ.सी. / 125

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन, बापू भवन, लखनऊ।

**Online Proposal No. FP/UP/THERMAL/14236/2015**

**विषयः वेलस्पन एनर्जी यू0पी0 प्रा0लि0 द्वारा ग्राम–ददरी खुर्द, तहसील–सदर, जिला मीरजापुर में प्रस्तावित 1320 (2*660) मेगावाट ताप विद्युतगृह की स्थापना हेतु जलापूर्ति बाबत भूमिगत वाटर पाइप लाईन एवं सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 8.3581 हे0 आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 296 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बंध में।**

संदर्भः मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी का पत्रांक 341 / 11–सी–FP/UP/THE/14236/2015, दिनांक 05.08.2024.

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक विषेष सचिव (वन), उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक पी–61 / 41–2–2016–800(64) / 2016, दिनांक 18.04.2016 का आशय ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विषयांकित प्रकरण में राज्य सरकार द्वारा वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत भारत सरकार की स्वीकृति मांगी गयी थी।

प्रकरण में इस कार्यालय के सम–संख्यक पत्र दिनांक 24.06.2024 द्वारा कतिपय बिन्दुओं पर आवष्यक जानकारी / सूचनाएं मांगी गयी थी, जिसकी अनुपालना उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के माध्यम से प्रेषित की गयी है। प्रकरण में विचारोपरान्त मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि वर्तमान में उक्त प्रस्ताव से सम्बंधित प्रस्तावित 1320 (2*660) मेगावाट ताप विद्युतगृह का प्रकरण माननीय न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आपसे अनुरोध है कि प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा की गयी कार्रवाई एवं निर्णय से इस कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें, ताकि उक्त प्रस्ताव में आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

Ad.S.O.

SCF/Nodal
S.O.
26/09/24

भवदीया,

(डॉ0 प्राची गंगवार)
उप वन महानिरीक्षक (केन्द्रीय)

**प्रतिलिपि (ईमेल द्वारा) :–**

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक(हॉफ), वन विभाग, 17, राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ, उ0प्र0।
2. मुख्य वन संरक्षक(वन संरक्षण) एवं नोडल अधिकारी, वन विभाग, 17, राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ, उ0प्र0।
3. मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर।
4. प्रभागीय वनाधिकारी, मिर्जापुर वन प्रभाग, मिर्जापुर।
5. अधिकृत प्रतिनिधि, वेलस्पन एनर्जी, यू0पी0 प्रा0लि0, मिर्जापुर।
6. पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, लखनऊ को वेवसाइट पर अपलोडिंग हेतु / आदेष पत्रावली।

(डॉ0 प्राची गंगवार)
उप वन महानिरीक्षक (केन्द्रीय)

Signed by Prachi Gangw
Date: 24-09-2024 16:39:

**कार्यालय मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।**
**पत्रांक– 852 / 11–सी–FP/UP/Thermal/14236/2015, लखनऊ, दिनांकः सितम्बर 26 ,2024**

प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त वांछित सूचना एवं उससे सम्बन्धित अभिलेख इस कार्यालय को दो प्रतियों में प्रेषित करने का कष्ट करें।

प्रतिलिपि– प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त वांछित सूचना एवं उससे सम्बन्धित अभिलेख इस कार्यालय को मुख्य वन संरक्षक के माध्यम से दो प्रतियों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपि– अधिकृत प्रतिनिधि, वेलस्पन एनर्जी, यू0पी0 प्रा0लि0, मिर्जापुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(प्रमोद कुमार गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।